समाचार

कोरोना संक्रमण को देखते हुए होली त्यौहार सादगीपूर्ण ढ़ंग से मनाएं

कोरबा 24 मार्च 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जनसाधारण को कोरोना संक्रमण से बचाने हेतु आमजन से अपील की गई है कि वे होली त्यौहार को सादगीपूर्ण ढंग से अपने परिवार के सदस्यों के साथ मनाएं तथा त्यौहार पर किसी प्रकार का सांस्कृतिक आयोजन, सार्वजनिक होली मिलन, सार्वजनिक भोज तथा ऐसे अन्य कोई भी कार्यक्रम जिसमें अधिक लोगों की उपस्थिति होती है आदि का आयोजन न करें।

कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए प्रसार को देखते हुए होली त्यौहार पर आवश्यक एहतियात बरतने की अपील आमजन से निगम द्वारा की गई है। अपील करते हुए कहा गया है कि होली त्यौहार सादगीपूर्ण ढंग से मनाए, होली दहन के कार्यक्रम में अधिकतम 50 व्यक्ति से ज्यादा उपस्थिति न हों एवं आपस में 06 फिट की दूरी बनाकर रखें तथा मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में होलिका दहन न करें, होलिका दहन के समय सुरक्षा विशेष ध्यान रखें, होलिका दहन कार्यक्रम प्रशासन द्वारा निर्धारित समय रात्रि 08 बजे से पूर्व सम्पन्न करा लें, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि का उपयोग कोलाहल अधिनियम के तहत निर्धारित समयावधि तक ही करें। पानी का दुरूपयोग न करें, सूखी होली खेले, केमिकलयुक्त रंगों का उपयोग न करें तथा हर्बल रंगों व गुलाल को उपयोग में लायें। निगम द्वारा अपील करते हुए आगे कहा गया है कि कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु मास्क अनिवार्य रूप से उपयोग करें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा प्रत्येक व्यक्ति आपस में 06 फिट की दूरी बनाकर रखें। इसके साथ सार्वजनिक स्थानों पर होली खेलते समय अपने हाथों को सेनेटाईजर अथवा साबुन से बार–बार धोयें।